दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, सोमवार 25 फरवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-147

पीएम नरेंद्र मोदी ने किया किसान सम्मान निधि योजना का उद्घाटन

नई दिल्ली/गोरखपुर। पीएम नरेंद्र मोदी ने गोरखपुर में किसान सम्मान निधि योजना को लॉन्च करते हुए एक तरफ किसानों को संबोधित किया तो दूसरी तरफ विपक्ष पर भी तीखे वार किए। प्रधानमंत्री ने 1 करोड़ 1 लाख किसानों को 2-2 हजार रुपये की पहली किस्त जारी करते हुए स्कीम की शुरुआत की। पीएम मोदी ने स्कीम के फायदे गिनाते हुए कहा कि इस योजना के बारे में जब हमारे विरोधियों ने संसद में सुना तो चेहरे लटक गए थे। महामिलावटी लोग परेशान हो गए और अब अफवाहें फैला रहे हैं। मुझे लगता है कि यह उनका जन्मजात स्वभाव है। अब उन्होंने ऐसी अफवाह चालू की है कि मोदी ने अभी 2,000 रुपये दिए हैं, फिर देगा, लेकिन साल भर के बाद इसे वापस ले लेगा।

पीएम मोदी ने विपक्षी दलों की राज्य सरकारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वे किसानों की सूची नहीं सौंपते हैं तो फिर अन्नदाता के शाप से उनका विनाश हो जाएगा। पीएम मोदी ने कहा, मैं उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार और महाराष्ट्र जैसी सरकारों का अभिनंदन करता हूं, जिन्होंने प्राथमिकता दी। ऐसी भी कई सरकारें हैं, जिनकी नींद अभी खुली नहीं है। मैं ऐसी राज्य सरकारों को चेतावनी देता हूं कि यदि आपने सूची नहीं पहुंचाई तो किसानों का शाप और बद्दुआएं आपको तहस-नहस कर देंगी।

योजना के साथ ही शुरू किया चुनावी मिशन - पीएम

मोदी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि यह जो पैसा दिया जा रहा है, आपके हक का है। कोई इसे वापस नहीं ले सकता है। न मोदी और न ही राज्य की सरकार। ऐसी अफवाह फैलाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दे देना।

कांग्रेस ने दिए 52,000 करोड़, हम देंगे 7.5 लाख करोड़- पीएम मोदी ने 2009 के आम चुनाव से पहले कांग्रेस की ओर से किसान कर्जमाफी का जिक्र करते हुए कहा कि बैंकों के हिसाब से देश में किसानों का कुल कर्ज 6 लाख करोड़ रुपया था। अब उन्होंने कर्जमाफी की घोषणा की तो यह माफ होना चाहिए था, लेकिन 2009 में चुनाव हुआ और कुर्सी से चिपक गए। रिमोट चालू हो गया। माफ हुआ था सिर्फ 52,000 करोड़। देश को अंधेरे में रखा गया। पीएम मोदी ने कहा कि तब लाभार्थियों में 35 लाख लोग तो ऐसे थे, जिनका किसानी से लेना-देना ही नहीं था। अपने सिपहसालारों को ही पैसे बांट दिए। हम जो योजना लाए हैं, उस से हर साल 75,000 करोड़ रुपया किसानों के खाते में जमा होगा। 10 साल में उन्होंने 52.000 करोड़ रुपये दिए थे, हम साढ़े सात लाख करोड़ रुपये देंगे।

मोदी काम करते हैं, चुनावी खेल नहीं खेलता- पीएम मोदी ने कर्जमाफी न करने को लेकर कहा कि हमारे लिए भी कर्जमाफी आसान थी। रेवड़ी बांट देते, खेल खेल लेते। लेकिन मोदी ऐसा नहीं करता। हमारी सरकार पीएम सिंचाई योजना पर ही एक लाख करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इस स्कीम पर पैसा इसलिए लगा रहे हैं कि देश की सिंचाई परियोजनाओं को पूरा किया जा सके, जो 40-40 साल से लटकी हुई थीं। हमने 99 ऐसी परियोजनाओं को चुना था, जिनमें से 70 योजनाओं पर काम पूरा हो चुका है।

1 लाख से ज्यादा किसानों को जारी की पहली किस्त - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम की शुरुआत एक करोड़ एक लाख से अधिक किसानों को 2,000 रुपये की पहली किस्त जारी करके की। पीएम मोदी ने एक क्लिक में ही किसानों को 2,021 करोड़ रुपये की रकम जारी की। इसके अलावा बाकी बचे किसानों के खाते में भी पहली किस्त के कुछ सप्ताह में ही पहुंचने का भरोसा दिलाया। इस योजना से 12 करोड़ से अधिक किसानों को सालाना 6,000 रुपये की सालाना गारंटीड आय मिलेगी। यह रकम तीन किस्तों में किसानों को जारी की जाएगी।

महत्वपूर्ण एवं खास

चीन में खनन कंपनी में बड़ा हादसा, 21 लोगों की मौत- 29 घायल

होहोट (आरएनएस)। उत्तरी चीन के आंतरिक मंगोलियाई स्वायत्त क्षेत्र की एक खनन कंपनी में शनिवार को खराब ब्रेक के कारण एक वाहन के नियंत्रण खो जाने से हुई दुर्घटना में कुल 21 लोगों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। स्थानीय प्रशासन ने रविवार सुबह यह जानकारी दी। यह दुर्घटना शनिवार को पश्चिम उजिमकिन बैनर, शीलिंगोल लीग में यिनमैन माइनिंग कंपनी के तहत एक सीसा, जस्ता और चांदी की खदान में सुबह लगभग आठ बजकर 20 मिनट पर हुई। स्थानीय आपातकालीन प्रबंधन विभाग ने कहा कि ब्रेक में खराबी के कारण जमीन के भीतर 50 कर्मचारियों को ले जा रहा एक वाहन सुरंग के किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने घटनास्थल पर राहत एवं बचाव के अलावा जांच में सहयोग करने के लिए एक कार्य दल भेजा है।

घाटी से तेलंगाना ट्रांफसर किया गया सीआरपीएफ जवान ट्रेन से लापता

हैदराबाद (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर से तेलंगाना जा रहे सीआरपीएफ जवान के लापता होने की खबर है। जवान की पहचान जम्मू-कश्मीर के मूल निवासी सलदीप कुमार के रूप में हुई है। जीआरपी ने इस मामले में लुक आउट नोटिस जारी किया है। सीआरपीएफ एएसआइ अर्जुन दुबे ने इस संबंध में शिकायत भी दर्ज कराई है। सीआरपीएफ के 14 सदस्यीय टीम को जम्मू-कश्मीर से तेलंगाना स्थानांतरित किया गया था। ये सभी लोग दिल्ली से 19 फरवरी को तेलंगाना एक्सप्रेस से चले थे और 20 फरवरी को सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। स्टेशन पहुंचने के बाद सीआरपीएफ के 13 जवान नीचे उतर गए, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मूल निवासी सलदीप कुमार नाम का एक जवान नहीं मिला। जीआरपी ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है और इसे लेकर लुकआउट नोटिस भी जारी किया गया है। बता दें कि कुमार जम्मू-कश्मीर का रहने वाला है और उसका पता नहीं चल पाया है। सभी ने कुछ देर तक उसका इंतजार किया और उसके बाद सीआरपीएफ के हाकिमपेट क्वार्टर्स पर रिपोर्ट करने के लिए पहुंच गए। जवान से मोबाइल फोन पर भी संपर्क नहीं हो पा रहा है।

पीएम के हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी

उड़ते ही हवा में डगमगाया

जयपुर (आरएनएस)। लोकसभा चुनावों का शंखनाद करने शनिवार को राजस्थान के दौरे पर आए पीएम नरेन्द्र मोदी का हेलीकॉप्टर जयपुर एयरपोर्ट पर दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गया. हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी गड़बडी के कारण वह उड़ते ही डगमगाने लग गया. पीएम मोदी को बाद में दूसरे हेलीकॉप्टर में टोंक जाना पड़ा. पीएम नरेन्द्र मोदी दोपहर में करीब एक बजे विशेष विमान से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे. यहां से मोदी को वायु सेना के हेलीकॉप्टर से टोंक जाना था. इसके लिए वे हेलीकॉप्टर में सवार हो गए थे. स्थानीय लोगों के मुताबिक हेलीकॉप्टर उड़ने के कुछ सेकंड बाद ही 5 से 6 फीट की हाइट पर जाते ही डगमगाने लग गया. लेकिन समय रहते पायलट ने हेलीकॉप्टर को वापस लैंड करा दिया. फिर नरेंद्र मोदी उतरकर दूसरे हेलीकॉप्टर से टोंक के लिए रवाना हुए. पीएम के हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी के बाद अन्य हेलीकॉप्टर भी रोक दिए गए. बाद में तकनीकी टीम ने हेलीकॉप्टर की जांच पड़ताल की. एयरपोर्ट पर पीएम मोदी को रिसीव करने के लिए राज्यपाल कल्याण सिंह पहुंचे थे. उनके साथ ही मुख्य सचिव डीबी गुप्ता और डीजीपी भी एयरपोर्ट पहुंचे. टोंक में आयोजित विजय संकल्प रैली में शामिल होने के बाद पीएम मोदी शाम करीब पौने चार बजे वापस जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे और यहां से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

12 दिन बाद यूपी में मिले अगवा हुए जुड़वा बच्चों के शव

सतना (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के सतना जिले के नयागांव थाना क्षेत्र से बारह दिन पहले अपहृत दो बच्चों को बचाया नहीं जा सका और उनके शव उत्तरप्रदेश के बांदा जिले के बबेरू क्षेत्र में मिल गए हैं। पुलिस सूत्रों ने आज सुबह यहां इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस आरोपियों तक भी पहुंच गयी है, लेकिन दुखद पहलू यह रहा कि बच्चे सकुशल वापस नहीं मिल पाए।

प्रियांश और श्रेयांस नाम के दो जुड़वा भाइयों का 12 फरवरी को दो अज्ञात आरोपियों ने रिवाल्वर

रिवाल्वर दिखाकर स्कूल बस से किया था अपहरण

दिखाकर स्कूल बस से अपहरण कर लिया था।दोनों बच्चों को खोजने के लिए पुलिस लगातार तलाशी अभियान चला रही थी कि कल देर रात बच्चों के शव बबेरू क्षेत्र में मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूत्रों ने कहा कि पुलिस ने कुछ आरोपियों को भी हिरासत में लिया है। बच्चों के पिता सतना जिले से सटे उत्तरप्रदेश के चित्रकूट जिले के कर्बी थाना क्षेत्र में सीतापुर के निवासी हैं और आरोपियों ने उनके जुड़वा बच्चों का फिरौती के लिए अपहरण किया था।

सूत्रों ने कहा कि दोनों बच्चों के शव बांदा जिले के बबेरू क्षेत्र में एक नदी के पास से मिले हैं। शवों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और सतना तथा बांदा जिले की पुलिस एकसाथ कार्रवाई कर रही है। बारह फरवरी को दो अज्ञात हथियारबंद आरोपियों ने दोनों बच्चों का उस समय अपहरण कर लिया था, जब वे सद्गुरू पब्लिक स्कूल की बस से जा रहे थे। बच्चों की उम्र लगभग आठ साल की थी। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। इसके बाद से बच्चों की रिहायी के एवज में कथित तौर पर दस लाख रूपए की फिरौती मांगने की खबर भी आयी थी। वहीं बच्चों के अपहरण के बाद मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश पुलिस के सैकड़ों जवान और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बच्चों को खोजने में जुटे थे।

भूस्खलन में दो इंजीनियरों की मौत

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले में एक जल विद्युत परियोजना के समीप भूस्खलन की चपेट में आकर दो इंजीनियरों की मौत हो गयी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यह घटना किश्तवाड़ में पाकल जल विद्युत परियोजना के समीप शुक्रवार रात हुई और जे पी कंपनी के दो इंजीनियरों की इसमें दब कर मौत हो गयी। प्रवक्ता ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और अन्य लोगों ने मौके पर जाकर शव बाहर निकलवाये। इनकी पहचान गुरमीत सिंह निवासी जम्मू और विजय कुमार निवासी उधमपुर के तौर पर हुई है। शवों को उनके पैतृक स्थानों पर भिजवाया जा रहा है।

वंदे भारत एक्सप्रेस से टकराई गिट्टियां, खिड़कियों के कांच टूटे, ड्राइवर की विंड स्क्रीन डैमेज

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारत की सबसे तेज रफ्तार ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस शनिवार को गिट्टियों से डैमेज हो गई. दरअसल, वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ वाले ट्रैक पर चल रही डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस एक जानवर से टकरा गई जिसके चलते ट्रैक पर बिछी गिट्टियां उड़कर वंदे भारत एक्सप्रेस की खिड़कियों पर जा पड़ीं. उत्तर रेलवे के सीपीआरओ ने जानकारी दी कि गिट्टियों की वजह से ट्रेन की खिड़कियों के कांच और ड्राइवर की विंड स्क्रीन को नुकसान पहुंचा है.

पत्थरों से ड्राइवर की विंड स्क्रीन और कोच नंबर सी4,

सी6, सी7, सी8, सी13 के एक-एक और सी12 के दो विंडो पैन को नुकसान पहुंचा है.

उत्तर रेलवे ने कहा, रास्ते में हुए इस डैमेज को वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर कर रहे टेक्निकल टीम ने एक्सेस किया. पूरी जांच के बाद टेक्निकल टीम ने जब ट्रेन को आगे के सफर के लिए फिट घोषित किया उसके बाद ही ट्रेन अपनी सामान्य रफ्तार से आगे बढ़ी।

गुमला में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी, तीन नक्सली ढेर

रांची (आरएनएस)। झारखंड के गुमला जिले में रविवार को सुरक्षाबलों को मुठभेड़ में तीन नक्सिलयों को मार गिराया है. नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ रविवार तड़के हुई. घटनास्थल से 2 एके-47 राइफल भी बरामद हुई हैं. इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है और वहां कुछ नक्सलियों के छिपे होने की आशंका है. जानकारी के मुताबिक गुमला के कामडारा में मुठभेड़ में मारे गए तीनों नक्सलियों की फिलहाल पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि गुमला के कामडारा थाना क्षेत्र में कुछ पीएलएफआई नक्सली छिपे हुए हैं. ये लोग कोई बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे. इलाके की घेराबंदी कर इन नक्सिलयों को रुकने को कहा गया. जवाब में नक्सलियों ने सीआरपीएफ कोबरा 209 पर फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने भी फायरिंग की. इसमें तीन नक्सली मारे गए. फिलहाल इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

प्लेन हाइजैक करने की धमकी, देश के सभी एयरपोर्ट हाई अलर्ट पर

नई दिल्ली (आरएनएस)। पुलवामा आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भड़के आक्रोश के बीच शनिवार को देश के सभी एयरपोर्टों को हाई अलर्ट कर दिया गया। दरअसल, शनिवार को मुंबई में एक एयरलाइन के ऑपरेशन सेंटर को फोन कर धमकी दी गई कि भारतीय कैरियर की एक फ्लाइट को हाइजैक कर लिया जाएगा। खास बात यह है कि फोन करने वाले ने कहा है कि प्लेन को हाइजैक कर पाकिस्तान ले जाया जाएगा। इसके फौरन बाद देश के सभी एयरपोर्टों की सुरक्षा और भी पुख्ता कर दी गई। इसमें प्लेन में सवार होने से पहले यात्रियों की

सघन तलाशी और कार पार्किंग में जाने वाली गाड़ियों की व्यापक जांच भी शामिल है।

शनिवार को धमकी भरा फोन एयर इंडिया के एयरपोर्ट ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर को आया। फोन पर कहा गया कि एक भारतीय एयरलाइंस की फ्लाइट को हाइजैक कर पाकिस्तान ले जाया जाएगा। वैसे, पुलवामा हमले के बाद से ही एयरपोर्टों पर सुरक्षा काफी चाक-चौबंद है। इसके बावजूद शनिवार को धमकी मिलने के बाद ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) ने सभी एयरपोर्टों और एयरलाइन ऑपरेटरों के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

बीसीएएस ने कहा है कि टर्मिनल और ऑपरेशन क्षेत्रों में जाने से पहले कड़ी जांच की जाए, एयरपोर्ट पर गाड़ियों की व्यापक तलाशी ली जाए। इसके साथ ही यात्रियों, स्टाफर, सामान, कैटरिंग आदि की कड़ी जांच की जाए। एयरपोर्ट के प्रवेश द्वार पर अचानक की जाने वाली जांच बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए हैं। एयरपोर्ट परिसर की सुरक्षा बढ़ाने को कहा गया है, जिसमें क्विक रिऐक्शन टीमों की तैनाती शामिल है।

हालांकि यह धमकी भरा फोन फर्जी या किसी की शरारत भी हो सकती है लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इसे हल्के में लेना नहीं चाहती हैं। ऐसे में वे सुरक्षा व्यवस्था में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने पुलवामा हमले के बाद एयरपोर्टों की सुरक्षा पहले से ही कड़ी कर दी है। अब ताजा अलर्ट के बाद और ज्यादा सिक्योरिटी कड़ी की गई है।

आग लगने से पार्किंग में खड़ी 300 कारें जलकर खाक

एयरो इंडिया शो में बड़ा हादसा

बेंगलुरू (आरएनएस)। बेंगलुरू में भारतीय वायु सेना के येलहांका हवाई अड्डे के सामने पार्किंग लॉट में शनिवार को आग लग गई जिसकी चपेट में आकर 300 कारें जलकर खाक हो गईं। यहां एयरो इंडिया एयर शो का आयोजन हो रहा है। पुलिस ने यह जानकारी दी। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अग्नि एवं आपातकालीन सेवाओं के पुलिस महानिदेशक एम.एन. रेड्डी ने कहा, अनुमान है कि यह हादसा सूखी घास में आग लगने की वजह से हुआ होगा जिसे तेज हवाओं ने भड़काया।

दोपहर लगभग 12 बजे लगी आग ने शहर के उत्तर में बाहरी इलाके में स्थित वायु सेना अड्डे पर आयोजित एयर शो में सम्मिलित होने आए लोगों के वाहनों को तुरंत खाक कर दिया। सुबह 10 बजे शुरू हुए एयर डिस्प्ले शो के खत्म होने के तुरंत बाद आसमान काले धुएं से भर गया। रेड्डी ने कहा कि अग्निशमन कर्मियों ने जलती कारों के पास खड़ी कारों के बीच जगह खाली कर आग पर नियंत्रण किया।

रेड्डी ने बाद में ट्विटर पर कहा, कुल, 300 कारें जलकर राख हो गईं। आग पूरी तरह बुझा दी गई है। आग लगने का सटीक कारण अभी तक अधिकारी नहीं जान सके हैं। आग बुझाने के लिए अग्निशमन दल की 10 गाड़ियां घटनास्थल पर गईं थीं। अपरान्ह दो बजे से शाम पांच बजे तक का प्रस्तावित हवाई शो तय समय पर शुरू हो गया।

इससे पहले भी एरो इंडिया शो के उद्घाटन से पहले भी एक बड़ा हादसा हुआ था। हरियाणा के हिसार के रहने वाले साहिल गांधी शो के उद्घाटन से एक दिन पहले 19 फरवरी को प्रैक्टिस के दौरान दो सूर्यकिरण टीम के दो हॉक विमान आपस में टकरा गए थे। दोनों विमान आसमान में टकराने के बाद नीचे गिर गए और उनमें आग लग गई।

रॉबर्ट वाड्रा भी रखेंगे राजनीति में कदम!

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस फिर से बड़ा दांव लगाने की तैयारी में है। यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद और प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा भी अब राजनीति में कदम रखने वाले हैं! प्रियंका गांधी के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा से इन दिनों प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मनी लांडरिंग और विदेश में संपत्ति खरीदने के कारण पूछताछ की है। उन्हें कई बार ईडी के दफ्तर पूछताछ के लिए बुलाया जा चुका है। इसी बीच उन्होंने फेसबुक पर सफाई दी है। उनका कहना है कि सरकार देश के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए उनके नाम का इस्तेमाल करती है। उनका कहना है कि वह जिन परिस्थितियों से फिलहाल गुजर रहे हैं उससे कुछ न कुछ सीख रहे हैं। वाड्रा ने कहा, एक दशक से अधिक समय में विभिन्न सरकारों ने मुझे बदनाम करने की कोशिश की। मेरे नाम को उछालकर देश के असल मुद्दों से ध्यान भटकाया जाता है। देश के लोगों ने धीरे-धीरे इस तरीके को महसूस करना शुरू कर दिया है और वह जानते हैं कि किसी भी आरोप में कोई सच्चाई नहीं है। लोग मेरे पास आते हैं सम्मान दिखाते हैं और मुझे शुभकामनाएं देते हैं और एक बेहतर भविष्य की कामना करते हैं।

उन्होंने कहा, मैंने जिन बच्चों की मदद की, उनसे सीखकर मैंने खुद को मजबूत बनाए रखा। दृष्टिहीन स्कूल से लेकर मदर टेरेसा अभियान, अनाथालयों में सेवा करने से लेकर विभिन्न आस्था और पूजास्थलों में जाने से लेकर, अस्पतालों और मंदिरों के बाहर मौजूद भूखों को खाना खिलाने तक। आपदा प्रबंधन और केरल, नेपाल और दूसरे स्थानों पर मदद भेजने तक। यह मेरे लिए संतुष्ट करने वाले और सीखने योग्य अनुभव थे।

ईडी को लेकर वाड्रा ने कहा, ईडी के दिल्ली और राजस्थान में मेरा जाना, लगभग आठ बार मैं वहां गया, बहुत घंटे और चूंकि मैंने हमेशा कानून का पालन किया है और मैं निश्चित तौर पर कानून से ऊपर नहीं हूं।

प्रेमिका से मिलने उसके घर गए शख्स को परिवारवालों ने जिंदा जलाया!

मिदनापुर (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के पूर्व मिदनापुर जिले में 21 साल के एक युवक को उसकी प्रेमिका के घरवालों ने जिंदा जला दिया. मृतक का नाम रंजीत मंडल है, जो दिल्ली में सुनार का काम करता था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, कुछ दिन पहले रंजीत का किसी बात को लेकर युवती से झगड़ा हो गया था. शुक्रवार रात रंजीत को युवती ने मिलने के लिए घर बुलाया. घरवालों से कोलकाता जाने की बात कहकर रंजीत उसके घर गया. रात लगभग ढाई बजे परिजनों को सूचना मिली कि रंजीत का शव उसकी प्रेमिका के घर के बाहर अधजली हालत में पड़ा है. खबर पाकर परिजन पहुंचे और पुलिस को इसकी खबर दी। भूपतिनगर थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है. पुलिस ने मृत युवक की प्रेमिका समेत उसके घर के छह सदस्यों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।